साइबर ठगी के 21 आरोपी गिरफ्तार, 18.60 करोड़ की धोखाधड़ी का खुलासा

जयपुर दक्षिण पुलिस की कार्रवाई: 15 मामले दर्ज, 38 मोबाइल, 25 चेकबुक, 20 पासबुक, 30 एटीएम कार्ड और स्कॉर्पियो बरामद

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। जयपुर दक्षिण पुलिस ने साइबर अभियान साइबर शील्ड के तहत म्यूल अकाउंट के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 21 अंतरराज्यीय साइबर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि ठगों के खिलाफ 15 मामले दर्ज कर अब तक 101 साइबर शिकायतों में 18 करोड़ 60 लाख रुपए की ठगी सामने आई है। इनमें 45 लाख 83 हजार 504 रुपए बैंक खातों में होल्ड करवाए हैं।

बरामदगी और कार्रवाई

एडीसीपी ललित शर्मा और एसीपी साइबर जुल्फिकार के नेतृत्व में कार्रवाई कर आरोपियों से 2 लाख 4 हजार 500 रुपए नकद, थाई करंसी के 12 नोट, 38 मोबाइल, एक लग्जरी स्कॉर्पियो, 25 बैंक चेकबुक, 20 पासबुक, 30 एटीएम-डेबिट कार्ड तथा 15 अन्य व्यक्तियों के फर्जी पैन-आधार कार्ड बरामद हुए हैं। पुलिस ने 1 जनवरी से 17 अक्टूबर 2026 तक 31976 लंबित शिकायतों में से 25808 का निस्तारण किया। 542 मोबाइल फोन जिनकी कीमत करीब 1.05 करोड़ रुपए है, बरामद कर परिवादियों को लौटाए। 8 करोड़ 84 लाख 86 हजार 566 रुपए की ठगी की रकम खातों में होल्ड करवाई तथा ऑपरेशन वज्र प्रहार-2.0 में 1 करोड़ 77 लाख 11 हजार 362 रुपए रिफंड करवाए। एमआरएम पोर्टल की 1045 शिकायतों में 93.84 लाख रुपए लौटाए। 20 स्कूल-कॉलेजों में 7000 से अधिक लोगों को जागरूक किया और 944 वांछित साइबर आरोपियों के संबंध में नोटिस भेजे।

ठग यहां हुए गिरफ्तार

- मानसरोवर थाने में सचिन सिंह निवासी उत्तरप्रदेश और सोनू मोटवानी मानसरोवर।
- चाकसू में पिंटू मीणा केशोपुरा कोटखावदा और देशराज मीणा रामनगर कोटखावदा और रामचरण गुर्जर बड़ली चाकसू।
- ज्योति नगर में राहुल हुसैन काकड़ीपारा असम।
- महेश नगर में लक्ष्मण दास स्वामी बीदासर चूरू हाल बीकानेर हाल महेश नगर, हरिदास निासी मानसरोवर, आदिल बागड़वा निवासी महेश नगर।
- अशोक नगर में सचिन सैनी निवासी टोंक हाल मुहाना।
- मुहाना में नंदकिशोर स्वामी टोंक हाल मुहाना।
- सांगानेर सदर में राकेश कुमार सैनी निवासी डिग्गी टोंक हाल सांगानेर।
- शिप्रापथ में राहुल शर्मा सवाई माधोपुर वर्तमान दुर्गापुरा।
- शिवदासपुरा में राजेश कुमार वर्मा, मोहित कुमार वर्मा, मोहित रैगर और गणेश मीणा निवासी चाकसू
- सोडाला में हमशेद नूंह हरियाणा।
- विधायकपुरी में अमित शर्मा निवासी ब्रह्मपुरी को गिरफ्तार किया है।

आठ लाख रुपए लेकर डमी अभ्यर्थियों की व्यवस्था करने वाला बिचौलिया गिरफ्तार

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। एसओजी ने वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) द्वितीय श्रेणी प्रतियोगी परीक्षा-2022 में डमी अभ्यर्थियों की व्यवस्था करने वाले मध्यस्थ राजमोहन मीणा निवासी हिंगोणी कुंडेरा सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया है। एडीजी विशाल बंसल ने बताया कि आरोपी ने मूल अभ्यर्थी अरुण कुमार मीणा से आठ लाख रुपए में सौदा कर दो विषयों की परीक्षा के लिए डमी अभ्यर्थियों की व्यवस्था की थी। बंसल ने बताया कि आरपीएससी ने 24 दिसंबर 2022 को वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा के तहत सामान्य ज्ञान और शैक्षिक मनोविज्ञान तथा विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित की थी। इन परीक्षाओं का पेपर लीक होने के कारण निरस्त कर दिया गया था। इसके बाद इस 29 जनवरी 2023 को फिर से परीक्षा आयोजित की गई। जांच में सामने आया कि टोंक जिले के लसाड़िया गांव निवासी मूल अभ्यर्थी अरुण कुमार मीणा ने दोनों विषयों की परीक्षा खुद नहीं दी थी। उसके स्थान पर टोंक के परीक्षा केंद्रों पर अलग-अलग डमी अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। डमी अभ्यर्थियों के जरिए परीक्षा उत्तीर्ण कर अरुण कुमार मीणा वरिष्ठ अध्यापक (विज्ञान) के पद पर चयनित हो गया था। इस मामले में अरुण कुमार मीणा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। राजमोहन मीणा ने पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा-2021 भी स्वयं नहीं दी थी। उसने डमी अभ्यर्थी के माध्यम से परीक्षा उत्तीर्ण कर पुलिस उपनिरीक्षक के पद पर चयन प्राप्त किया था। इस मामले में भी उसे पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी से एसओजी 21 अक्टूबर तक रिमांड पर पूछताछ करेगी।

रीको की प्रत्यक्ष आवंटन योजना का 14वां चरण, 203 भूखण्डों के लिए ई-लॉटरी

नवज्योति, जयपुर। रीको की प्रत्यक्ष आवंटन योजना के 14वें चरण में 203 औद्योगिक भूखण्डों के लिए ई-लॉटरी निकाली गई। 18 औद्योगिक भूखण्डों पर शीघ्र ही निर्णय किया जाएगा। इन भूखण्डों का कुल क्षेत्रफल लगभग 91 एकड़ तथा अनुमानित मूल्य करीब 128 करोड़ रुपए है। इनके माध्यम से प्रदेश में 850 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश और 2500 से अधिक लोगों के लिए रोजगार सृजन की संभावना है। विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में निवेशकों ने रुचि दिखाई है। इनमें प्रमुख रूप से धुनवाला (भीलवाड़ा) के 9 भूखण्डों के लिए 25 आवेदन, बोरानाडा एक्सटेंशन (बोरानाडा) के 5 भूखण्डों के लिए 33 आवेदन, थौलाई (जयपुर) के 15 भूखण्डों के लिए 17 आवेदन, गोगेलाव (नागौर) के 13 भूखण्डों के लिए 16 आवेदन तथा श्रीनगर टोडारायसिंह (सवाई माधोपुर) के 4 भूखण्डों के लिए 18 आवेदन प्राप्त हुए। प्रत्यक्ष आवंटन योजना के अंतर्गत राइजिंग राजस्थान के तहत राज्य सरकार के साथ एमओयू करने वाले निवेशकों को लाभ दिया जा रहा है। योजना में एक भूखण्ड के लिए केवल एक आवेदन प्राप्त होने पर सीधे आवंटन का प्रावधान है, जबकि एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में ई-लॉटरी से आवंटन किया जाता है। उल्लेखनीय है कि प्रत्यक्ष आवंटन योजना के पूर्व के 13 चरणों में अब तक 2300 से अधिक औद्योगिक भूखण्डों का आवंटन किया जा चुका है। इनके माध्यम से प्रदेश में 21000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश तथा 46,000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

ग्रीस दौरे से लौटे मुख्य सचिव

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ग्रीस के आधिकारिक दौरे से शनिवार को जयपुर लौटे। सीएस ने कहा कि 12 से 16 अक्टूबर तक ग्रीस के दौरे के दौरान एथेंस में हुए आईएएसआईए-2026 के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। इसमें 57 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए और शासन-प्रशासन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार साझा किए। ग्रीस प्रवास के दौरान विभिन्न देशों के 25 से अधिक मंत्रियों और सचिवों के साथ बैठकें हुईं। इनमें प्रशासनिक व्यवस्था, सुशासन और कार्मिक प्रशासन से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान भारत और राजस्थान के अनुभवों, नवाचारों और प्रशासनिक सुधारों को साझा किया गया।

एक्सप्रेस-वे हादसे पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने जताया शोक

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर कोटा में हुए भीषण सड़क हादसे पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गहरा शोक जताया है। हादसे में हुई जनहानि पर दोनों ने दुःख जताते हुए दिवंगतों की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने हादसे को लेकर संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति तथा उनके परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार और प्रभावित लोगों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम - मिनिरत्न कंपनी)
क्षेत्रीय कार्यालयः चौमू हाऊस सी स्कीम जयपुर 302001
फोन - 0141-2376760

ई - निविदा आमंत्रण सूचना

क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर द्वारा दो बिड प्रणाली के तहत बीज विधायन पैकिंग लोडिंग इत्यादि कार्य करवाने हेतु प्रतिष्ठित / विश्वसनीय संस्थानों/ कंपनियों/ फर्म आदि से ई - निविदा (online) आमंत्रित की जाती हैं तकनीकी निविदाएं दिनांक 24.10.2026 को दोपहर 01-00 बजे तक प्राप्त की जाएँगी एवं उसी दिन दोपहर 3.00 बजे खोली जाएँगी / विस्तृत जानकारी के लिए एन. एस.सी. की वेब साईट www.indiaseeds.com, https://indiaseeds.enivida.com व सेंट्रल पोर्टल www.eprocure.gov.in पर देखें। यदि भविष्य में कोई बदलाव हुआ तो शुद्धि पत्र एनएससी की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

क्षेत्रीय प्रबंधक

DNJ-415288

पेपर लीक मामला: सॉल्वड पेपर पढ़ाने वाला हैंडलर कनिष्ठ सहायक गिरफ्तार

सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021

जयपुर। सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में एसओजी ने एक और आरोपी सुनील भादू निवासी भादुओं की ढाणी हेमागुड़ा झाब जालौर को गिरफ्तार किया है। आरोपी पेपर लीक गिरोह के सदस्य भूपेंद्र सारण और सुरेश ढाका के साथ हैंडलर के रूप में काम कर रहा था। आरोप है कि उसने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर कई अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले लीक सॉल्वड पेपर पढ़ाया था। एडीजी एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी भूपेंद्र सारण से पूछताछ और जांच के दौरान सुनील की भूमिका उजागर हुई। सुनील ने पेपर लीक गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर परीक्षा से पहले कई अभ्यर्थियों को लीक सॉल्वड पेपर पढ़ाया था। टीम ने गत 15 अक्टूबर को सुनील को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर रिमांड लिया। एसआई भर्ती पेपर लीक मामले में अब तक कुल 156 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

कार्यक्रमों के लिए सरकारी भूमि देने के लिए एसओपी बनाए आवासन मंडल

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने आवासन मंडल को कहा है कि सार्वजनिक भूमि को विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों के उपयोग में देने के लिए एसओपी तैयार करे। अदालत ने कहा कि एसओपी बनने से भविष्य में विवाद और मुकदमेबाजी से बचा जा सकेगा। अदालत ने कहा कि संबंधित भूमि को 17 से 19 अक्टूबर तक गतिविधियां संचालित करने के लिए बजरंग सेवा समिति को दे और 20 अक्टूबर को रावण दहन कार्यक्रम के लिए सेक्टर 8 प्रताप नगर व्यापार मंडल समिति को दे। जस्टिस रवि चिरानिया की एकलपीठ ने यह आदेश सेक्टर 8 प्रताप नगर व्यापार मंडल समिति की याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता अभिषेक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता समिति बीते करीब 13 साल से स्थानीय सार्वजनिक मैदान पर दशहरा कार्यक्रम आयोजित करती आई है। इसके लिए उन्हें एक-दो दिन के लिए निर्धारित शुल्क लेकर यह भूमि उपलब्ध कराई जाती है। इस बार उन्हें सुनवाई का मौका दिए बिना 17 से 20 अक्टूबर तक व्यावसायिक और धार्मिक गतिविधियों के लिए बजरंग सेवा समिति को भूमि उपयोग की अनुमति दी है। समिति का उद्देश्य जनहित में यह त्यौहार आयोजन का रहता है। इसे लेकर आज तक आवासन मंडल के पास किसी ने शिकायत नहीं दी है। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के बीच संतुलन बनाने के उद्देश्य से भूमि को 17 से 19 अक्टूबर तक बजरंग सेवा समिति व 20 अक्टूबर को समिति को उपयोग लेने की अनुमति देते हुए आवासन मंडल को भविष्य के लिए एसओपी बनाने को कहा है।

भीलवाड़ा जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि., भीलवाड़ा
[Bhilwara Zila Dugdh Utpadak Sahakari Sangh Ltd., Bhilwara]
(An ISO-9001-2008 & IS - 15000 (HACCP) Certified Organisation

क्रमांक : भी. जि.दु.उ.स.सं / विपणन / ई - निविदा/2026 /19019-30 दिनांक :- 17.10.2026

CORRIGENDUM

दुग्ध संघ द्वारा आमंत्रित की गई ई-निविदा सूचना क्रमांक 16768-80 दिनांक 29.09.2026 के सम्बन्ध में CORRIGENDUM दिनांक 17.10.2026 को जारी किया गया है। विस्तृत विवरण, शर्तें वेब साइट http:/eproc.rajasthan.gov.in & www.sppp.raj.gov.in पर उपलब्ध है।

UBN NO. CDF2627SLRC01049

प्रबन्ध संचालक

DNA - 415349

Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd., JAIPUR.

निविदा सूचना / 2026-27

निम्नलिखित कार्यों के लिए केन्द्र/ राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं:-

कार्य का विवरण	कार्य की कुल अनुमानित लागत (रु.)	निविदा सूचना संख्या
Construction of Karmashila Bhawan at Bharatpur on EPC Basis. UBN: RRC2627WLOB00703	17118.22 Lakh	आरएसआरडीसी ई-427/26-27
Construction of Proposed Boundary Wall around MDS University Land, Ajmer. UBN: RRC2627WSOB00704	202.92 Lakh	आरएसआरडीसी ई-429/26-27

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाइट: http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक

DNJ- 415287

अब कटरा तक मिलेगी सीधी ट्रेन

वैष्णो माता के दर्शन करना होगा आसान

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। पश्चिमी राजस्थान से माता वैष्णोदेवी के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए राहत की खबर है। अब साबरमती से माता वैष्णोदेवी कटरा तक सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। रेलवे ने साबरमती बीजी जम्मूतवी एक्सप्रेस का विस्तार कटरा तक कर दिया है। इससे आबूरोड, पाली मारवाड़, जोधपुर, बीकानेर और हनुमानगढ़ सहित आस-पास के क्षेत्रों के यात्रियों को जम्मूतवी में ट्रेन बदलने की परेशानी से राहत मिलेगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि साबरमती बीजी श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा ट्रेन 18 अक्टूबर से साबरमती से रवाना होकर जम्मूतवी के बजाय कटरा तक संचालित होगी। ये ट्रेन 20 अक्टूबर से जम्मू के स्थान पर कटरा से रवाना होगी।

तीन नए स्टेशनों पर भी ठहराव

ट्रेन के विस्तार के साथ मार्ग में तीन नए स्टेशनों पर ठहराव दिया है। इनमें साम्बा, बाड़ी ब्राह्मण और शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन शामिल हैं। इन स्टेशनों पर ट्रेन रुकने से आस-पास के क्षेत्रों के यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही जम्मू क्षेत्र के प्रमुख स्थानों तक पहुंचना आसान होगा।

बुजुर्गों और परिवारों को मिलेगी राहत

कटरा तक सीधी ट्रेन मिलने से वैष्णोदेवी दर्शन के लिए जाने वाले यात्रियों को जम्मू में उतरकर दूसरी ट्रेन पकड़ने की जरूरत नहीं रहेगी। खासकर बुजुर्गों महिलाओं और बच्चों के साथ यात्रा करने वाले परिवारों को सामान लेकर ट्रेन बदलने की परेशानी से राहत मिलेगी।

डिजिटल अरेस्ट कर सेवानिवृत्त अधिकारी से 2.12 करोड़ की ठगी

अब तक सात आरोपी गिरफ्तार, फर्जी सरकारी दस्तावेज भेजकर वीडियो कॉल पर रखा निगरानी में

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर सेवानिवृत्त एडीजी भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) से 2 करोड़ 12 लाख 10 हजार रुपए की साइबर ठगी के मामले में सेंट्रल साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन ने महाराष्ट्र के ठाणे से एक जिम ट्रेनर रविन्द्र जितेन्द्र सिंह प्रसाद सिंह उर्फ अजय सिंह उर्फ देवा निवासी उल्हासनगर ठाणे को ट्रांजिट रिमांड पर गिरफ्तार किया है। एडीजी साइबर क्राइम वीके सिंह ने बताया कि परिवादी ने रिपोर्ट दी कि 9 से 18 अगस्त 2026 के बीच अज्ञात लोगों ने मोबाइल और व्हाट्सऐप कॉल के जरिए खुद को पुलिस तथा अन्य सरकारी एजेंसियों का अधिकारी बताया। परिवादी को लगातार वीडियो कॉल पर रहने, लाइव लोकेशन चालू रखने और किसी अन्य व्यक्ति से संपर्क नहीं करने के निर्देश दिए। डर के कारण परिवादी ने 13 अगस्त को आईसीआईसीआई बैंक खाते में 2 करोड़ 2 लाख रुपए और 18 अगस्त को यस बैंक खाते में 10 लाख 10 हजार रुपए आरटीजीएस से जमा कराए। इस तरह कुल 2.12 करोड़ रुपए की ठगी हुई।

टेलीग्राम चैनल से जुड़ा था आरोपी: खुलासा हुआ कि कॉल डिटेल रिकॉर्ड, व्हाट्सऐप चैट, बैंक स्टेटमेंट, केवाईसी दस्तावेज और तकनीकी साक्ष्यों

के विश्लेषण से आरोपी की भूमिका सामने आई। आरोपी टेलीग्राम ब्रो पे चैनल के जरिए साइबर अपराधियों के संपर्क में आया था। वह कमीशन के लालच में बैंक खाते उपलब्ध कराने, अन्य आरोपी रोहित रेवण कटकधड़ को उल्हासनगर के होटल कमल रेजीडेंसी में ठहराने और उसकी निगरानी करने में शामिल था। आरोपी ने अपनी पहचान छिपाकर देवा नाम का इस्तेमाल किया और अलग सिम कार्ड से संपर्क किया। उसने पार्सल के जरिए मिले मोबाइल फोन और 20 हजार रुपए प्राप्त किए। इसके अलावा बैंक खाते से जुड़े सिम कार्ड, चेकबुक और अन्य दस्तावेज अपने पास रखे तथा बैंकिंग संबंधी जानकारी व्हाट्सऐप से आगे भेजी। उसने संबंधित मोबाइल में फाइल भी इंस्टॉल की और निर्देशानुसार विभिन्न खातों में रकम के लेनदेन में सहयोग किया।

नौकरी लगाने का झांसा देकर बेरोजगार युवक से 5 लाख रुपए ठगे

नवज्योति, जयपुर। मुरलीपुरा थाना इलाके में नौकरी लगाने का झांसा देकर एक बेरोजगार युवक से 5 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में शिव वाटिका निवासी विवेक ने गुरुदीप सिंह और संदीप के खिलाफ रिपोर्ट दी है कि आरोपियों ने उसे नौकरी दिलाने का झांसा दिया और इसके बदले 5 लाख रुपए ले लिए।

उत्तर पश्चिम रेलवे
प्रथम शुद्धि पत्र निविदा संख्या
SNT-PROJ-JU-01R-2026-27
उक्त निविदा में निम्न संसोधन प्रस्तावित है
Date of bidding: 16.10.2026,
Closing Date/Time: 30.10.2026 (15.30 Hrs.) 1. Added Pre Bid Query Reply document in Tender. निविदा पत्र की बाकि नियम एवं शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है
उप मुख्य सिग व दूर संचार अभि./परियोजना जोधपुर
1502-DO/26
DNA 415301

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda शाखा– घूघरा, जिला अजमेर (राज.) फोनः 0145–2787020 मो. 8094007181 ई–मेलः ghoogh@bankofbaroda.com

अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस
परिशिष्ट–IVक (नियम 8(6) का परन्तुक देखें)

प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले, गिरवी रखने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी / प्रभारित है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार, बैंक ऑफ बड़ौदा, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, नीचे दिये गये खाते में बकाया की वसूली के लिए "जहां है, जैसी है, और जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जायेगा। प्रत्याभूति–दाता का विवरण, गिरवी रखने वाले गारन्टर, सुरक्षित संपत्ति, बकाया, आरक्षित मूल्य, ई–नीलामी दिनांक व समय, अग्रिम धनराशि एवं निविदा वृद्धि राशि का विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा।

ऋणीयों / गिरवी रखने वाले एवं गारंटरों के नाम व पताः श्री रफीक मोहम्मद पठान पुत्र श्री साकी मोहम्मद पठान (ऋणी), पता– मालीयों की ढाणी, गांधीनगर, मदनगंज, किशनगढ़, अजमेर (राज.)

बकायाः– डिमाण्ड नोटिस बकायाः– 24/01/2024; रू. 9,04,395.61 दिनांक 22/01/2024 + आगे का ब्याज, लागत, शुल्क एवं अन्य खर्चे इत्यादि।
वर्तमान बकाया राशिः रू. 9,04,395.61 दिनांक 22/01/2024 तक ब्याज शामिल करते हुए तथा आगे का ब्याज, लागत, शुल्क एवं अन्य खर्चे इत्यादि।
कब्जे की स्थितिः– भौतिक कब्जा
सम्पत्ति के निरीक्षण की दिनांक व समयः 02/11/2026; दोपहर 12:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक
धरोहर राशि जमा करवाने की अन्तिम दिनांकः 06/11/2026; समयः सायं 04:00 बजे तक।

क्र. सं.	ज्ञात ऋण भार सहित अचल सम्पत्ति का संक्षिप्त ब्यौरा, यदि कोई हो:–	आरक्षित मूल्य अग्रिम धनराशि बोली वृद्धि राशि	ई–नीलामी की दिनांक व समय
1	श्री रफीक मोहम्मद पठान पुत्र श्री साकी मोहम्मद पठान का आवासीय सम्पत्ति मकान नं. 3/9 जी, हाउसिंह बोर्ड कॉलोनी, नाका मदार, अजमेर जिला अजमेर (राज.) में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 42.187 वर्गमीटर, सीमाएः– पूर्व में मकान नं. 3 जी 8, पश्चिम में मकान नं. 3 जी 10, उत्तर में मकान न. 3 जी 38, दक्षिण में रोड़। ऋणभारः ज्ञात नहीं।	आरक्षित मूल्य रू. 8,10,000/- अग्रिम धनराशि रू. 81,000/- बोली वृद्धि राशि रू. 10,000/-	07/11/2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक (प्रत्येक 10 मिनट की असीमित समयवृद्धि के साथ)

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया दिए गए लिंक https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm तथा Auction portal (https://Baanknet.Com) को देखें। इसके अतिरिक्त, संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से फोन नं. 0145–2787020, मो. 8094007181 पर सम्पर्क कर सकते हैं। अधिक विवरण हेतु स्कैन करें
तारीखः 17/10/2026 स्थानः अजमेर (राज.) प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा
DNJ-415318

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda 119 शाखा- राजगढ़, जिला अजमेर (राज.)
Mob. 9116165861; E-mail: rajajm@bankofbaroda.bank.in

संक्षिप्त वाहन ई–नीलामी नोटिस

एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से ऋणियों एवं जमानतदारों को नोटिस दिया जाता है कि बैंक ने पार्टियों द्वारा निष्पादित हाइपोथिकेशन / ऋण समझौते के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित बंधक मोटर वाहन को जब्त कर लिया है और वाहन को 'जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जाएगा, और नीचे उल्लिखित खातों / खातों में देय राशियों की वसूली की जायेगी। उधारकर्ता / जमानतदार / वाहन / कुल बकाया / आरक्षित मूल्य / ई–नीलामी तिथि और समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है–

ऋणीयों / जमानतदार का नाम व पता	कुल बकाया	वाहन का प्रकार एवं मॉडल RTO पंजीकरण संख्या	ई–नीलामी की दिनांक ई–नीलामी प्रारम्भ व समाप्त का समय बोली जमा करने की अंतिम तिथि और समय	आरक्षित मूल्य धरोहर राशि (ईएमडी) बोली वृद्धि राशि	EMD जमा खाता सं. एवं IFSC कोड एवं बैंक एवं शाखा	वाहन / चल संपत्ति की निरीक्षण तिथि और समय
श्रीमती सरिता साहू पत्नी श्री राजेश साहू पता– सेठ सावरिया कॉलोनी, जिला ब्यावर (राज.)	रू. 16,19,763.62/- दिनांक 16.10.2026 को बकाया+ ब्याज, लागत, प्रभार एवं अन्य वसूली खर्चे इत्यादि।	Tata Harrier EV Motor Car (LMV) Modal 2025, Registration No. RJ36 CB 4793 Engine No. TZ220XS17C02506 0691 Chassis No. MAT846075SWG17794	1. ई–नीलामी की दिनांक 26.11.2026 2. ई–नीलामी का समय दोपहर 12.00 बजे से सांय 03.00 बजे तक 3. धरोह राशि जमा कराने की अंतिम दिनांक व समय 25.11.2026 सांय 04.00 बजे से पहले	आरक्षित मूल्य रूपये 17,00,000/- धरोहर राशि रूपये 1,70,000/- बोली वृद्धि राशि रूपये 25,000/-	EMD जमा खाता संख्या 17080015181869 IFSC Code BARBORAJAJM बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा राजगढ़, जिला अजमेर	18.11.2026 दोपहरः 12.00 बजे से सांय 04.00 बजे तक।

बिक्री के निबंधन व शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात् https://baanknet.com देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से मोबाईल नं. 9116165861 पर संपर्क कर सकते हैं।
दिनांकः 17.10.2026 स्थानः अजमेर प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा
DNJ-415304

कार्यालय नगर निगम, भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांक/न.नि.भी./राजस्व/2026-27/14052 दिनांक: 16.10.2026

आम सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि नगर निगम भीलवाड़ा के योजना/गैर योजना क्षेत्रों में स्थित भूखण्डों के ऑनलाइन नामान्तरण/69-क के पट्टे हेतु सेवा सेतु अभियान-2026 में आवासीय/व्यवसायिक आवेदन निर्धारित प्रपत्र में भरे जाकर ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं।

क्र.सं.	आवेदक का नाम	कॉलोनी/योजना/ स्थल विवरण	क्षेत्रफल वर्ग मी.	उपयोग	पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण	राज.दर्ज	मो.नं. क्रमांक
01	रामप्रसाद लड्डा/रामनाथ लड्डा/	आजाद मौहल्ला भोपालगंज भीलवाड़ा	64.73	आवासीय	देवीलाल जी मकान	सड़क	सामलाती गली	जेठमल बाहेती का मकान	LD/BHLW/2026-27/400344	9413053044
02	भवानीराम लड्डा/ रामनाथ लड्डा/	आजाद मौहल्ला भोपालगंज भीलवाड़ा	70.19	आवासीय	गली	सामलाती गली	छोगालाल जी का मकान	देवीलाल जी मकान	LD/BHLW/2026-27/400524	
03	प्रहलाद राय लड्डा/ रामनाथ लड्डा/	आजाद मौहल्ला भोपालगंज भीलवाड़ा	65.79	आवासीय	भगवती राम का मकान	आम रास्ता	छोगालाल जी का मकान	सामलाती गली	LD/BHLW/2026-27/400600	9413053742
04	श्री हर्षित मूलचन्दानी/ मोहनदास मूलचन्दानी वीर सावरकर चौक	श्री कल्याण/ श्री बख्तावर कलाल मूल (पट्टा धारक) वर्तमान नामान्तरण धारी श्री झामनदास लालवानी/ धर्मदास लालवानी	163.94	आवासीय	श्री कन्हैयालाल तिवाड़ी का मकान	श्री हरपाल दास सिंधी का मकान	सेनेटरी गली	सड़क	LSG/BHILWARA/MUT/2026-27/213659	नामान्तकरण

अतः समस्त खाक आम को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूखण्डों के ऑनलाइन आवेदन अनुसार नामान्तरण/69-क के पट्टे किये जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर इस कार्यालय में लिखित प्रमाणित दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के बाद नामान्तरण की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी।

प्रभारी अधिकारी (राजस्व), नगर निगम, भीलवाड़ा
DNA7538

सूडोकु नवताल- 7149

★★★★☆ कठिन

4					1	9		
						8	5	
			7	3				
			3				4	7
9								2
8	5				6			
				5	8			
	7	4						
		6	2					5

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 7148 का हल

2	4	5	6	9	8	1	7	3
1	7	6	4	3	5	8	2	9
3	8	9	1	2	7	6	5	4
9	1	7	3	6	2	4	8	5
5	6	3	8	7	4	9	1	2
4	2	8	5	1	9	3	6	7
7	3	1	9	5	6	2	4	8
8	9	2	7	4	1	5	3	6
6	5	4	2	8	3	7	9	1

शब्द पहेली - 6649



बाएँ से दाएँ

1. एक प्रसिद्ध कपड़ा-4
4. वह श्मशान घाट जहाँ मृत व्यक्तियों के शरीर कौओं, गिद्धों आदि के खाने के लिए यों ही फेंक दिये जाते है-3
7. हड़बड़ी मचाना-5
8. समय-2
9. जहाँ बिना माँ-बाप के बच्चे रखे जाते है-5
13. भाजपा का चुनाव चिन्ह-3
14. नाविक, कर्णधार-3
15. संजय दत्त, माधुरी दीक्षित की एक चर्चित फिल्म-5
18. नर का उलटा-2
19. तर्क-वितर्क-2,3
22. मल रहित, स्वच्छ-3
23. पूर्णतया-4

ऊपर से नीचे

2. किसी चीज को लेने या न देने का हठ पकड़ लेना-4
3. नीचे लटकने वाले सिर के लंबे बालों का एक गुच्छा-2
4. गेहूँ आदि का चूर्ण-2
5. राजी करना-3
6. दृष्टिपात, निरीक्षण-5
9. जो देखा न जा सके, अदृश्य-3
10. अवरूद्ध करना-3
11. जुड़वा, दोहरा-3
12. पहरा देने वाला-5
16. गोतम बुद्ध की पत्नी-4
17. जनता(उर्दू-3)
20. एक विचार के या एक साथ कार्य करने वाले व्यक्तियों का समूह, गुट-2
21. स्थान, निवास, एक दिन की यात्रा-2

शब्द पहेली - 6648 का हल

मंगल सैणचा, बैंगलोर

RKTV